नारायण राणे
NARAYAN RANE

मंत्री
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम
भारत सरकार
Minister
Micro, Small & Medium Enterprises
Government of India

संदेश

भाषा, किसी भी राष्ट्र की सामाजिक और सांस्कृतिक धरोहर की संवाहिका होती है और भाषायी एकता से ही राष्ट्र की अखण्डता सुदृढ़ होती है। सदियों से 'हिंदी' राष्ट्रीय एकता का प्रतिनिधित्व करती आ रही है और आज हिंदी भारतीय संस्कृति के मूल तत्वों की अभिव्यक्ति का माध्यम होने के साथ-साथ भारत के संविधान में वर्णित भावनात्मक एकता को मजबूत करने का माध्यम भी है।

भारतीय संविधान द्वारा 14 सितम्बर, 1949 को धार्मिक, सांस्कृतिक और राजनैतिक परम्पराओं को जोड़ने की कड़ी और अधिकांश देशवासियों द्वारा बोली और समझी जाने वाली 'हिंदी भाषा' को संघ की राजभाषा का दर्जा दिया गया है।

आज देश में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम के क्षेत्र में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने से आम जनता और दूर-दराज के क्षेत्रों से सीधा संपर्क स्थापित हुआ है। जनमानस को सरकार की योजनाओं तथा कार्यक्रमों की जानकारी देने के लिए सरल एवं सहज हिंदी भाषा का प्रयोग बहुत जरूरी है जिससे उसके महत्व को समझने में आसानी हो।

हिन्दी भाषा पूरे विश्व में तीसरी सबसे बड़ी भाषा है। भारत सरकार के अन्य भारतीय भाषाओं के रूप, पद और शैली को आत्मसात करते हुए हिंदी भाषा के विकास के प्रयास से इसका निरंतर विकास हो रहा है। आज हिंदी सभी को एक-दूसरे से जोड़ने का काम कर रही है।

हमारा यह कर्तव्य है कि हम हिंदी भाषा का प्रयोग बढ़ाएं और सभ्यता, संस्कृति में सबल होने के साथ-साथ भाषा के स्तर पर एक नई पहचान कायम करें। मुझे आशा है कि आप सभी हिंदी के विकास और इसके प्रचार-प्रसार में अपना अमूल्य योगदान देंगे।

हिंदी दिवस, 2021 के अवसर पर आप सभी को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

(नारायण राणे)

दिनांक: 14 सितम्बर, 2021

51, Udyog Bhawan, Rafi Marg, New Delhi-110011, Ph. : 011-23061566, 011-23061739 Fax : 011-23063141
E-mail : narayan.rane@gov.in